## गुप्त गोदावरी में आखिर किसकी सहमति से जारी है मनमानी

# चित्रकूट में मची है लूट, परिषद को एक माह में लाखों का नुकसान







चित्रकूट में मनमानी लगातार जारी है और लूट खसोट बंद होने का नाम नहीं ले रही है। चित्रकूट नगर परिषद के खजाने को पिछले एक माह में लगभग 8 लाख का नुकसान हुआ है। यह नुकसान शासकीय वसूली होने के चलते हुआ है। वहीं धार्मिक स्थल गुप्त गोदावरी में शू-स्टैंड की जगह पर अवैध रूप से तखत लगाकर जूते चप्पल उतरवाने के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद लेने के लिए बाध्य किया जाता है।

सतना।

गुप्त गोदावरी में कार्यालय सीढ़ी के बगल से अवैध तखत रखकर श्रद्धालुओं से प्रासद लेने के लिए दबाव बनाया जाता है। प्रसाद न लेने पर अभद्रता की जाती है। 2 अप्रैल को सीएमओ विशाल सिंह के द्वारा अवैध तखत को हटवा दिया गया था लेकिन अगले दिन दोबारा उक्त तखत को रख लिया गया। इससे आने जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी तो होती है। उनसे अभद्रता भी की जाती है। मिली जानकारी के अनुसार चित्रकूट में प्रतिवर्ष पार्किंग,फूल माला,शू स्टैंड के टेंडर देकर वसूली कराई जाती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भी टेंडर हुए थे और 14 मार्च को आचार सहिंता लगने से पहले टेंडर ओपन भी कर दिये गये थे। लेकिन निविदाकारों को वसूली के आदेश नहीं दिये गये। बल्कि वसूली शासकीय कर्मचारी से कराई गई। जिसके चलते पिछले एक माह में नपा को लगभग 8 लाख का नुकसान हुआ है।

### खपाई जा रही थी दो वर्ष पुरानी टिकट

गुप्त गोदावरी में मंगलवार को दो वर्ष पुरानी टिकट खपाई जा रही थी। बताया जाता है कि इसकी जानकारी गुप्त गोदावरी प्रभारी को थी बावजूद उन्होंने पुरानी टिकट पर रोक नहीं लगाई। सूत्रों की माने तो टिकट में लंबा खेल किया जा रहा था। लेकिन जब यह बात सामने आयी तो इसको प्रिंटिंग मिस्टेक बता कर मामले को रफा दफा कर दिया गया। गुफाओं में जाने के लिए श्रद्धालुओं को टिकट लेनी पड़ती है। इसके लिए नपा द्वारा 10 और 20 रुपये निर्धारित किये गये हैं।

### प्रतिदिन हजारों की वसूली

गुप्त गोदावरी में नपा द्वारा फूल माला का टेंडर दिया जाता है।गत वर्ष 24 लाख रुपये नपा के खजाने में आये थे। इस वर्ष भी टेंडर दिया गया लेकिन वसूली के आदेश नहीं दिये गये।वहीं नपा द्वारा शासकीय कर्मचारी लगाकर फूल माला बेचा जा रहा है।औसतन प्रतिदिन लगभग 8 हजार की वसूली आती है। लेकिन नपा के खजाने में महज 800-1100 रुपये ही जमा किये जाते है। बाकि का पैसा किसके पास जाता है। इसको कोई हिसाब जिम्मेदारों के पास नहीं है। सूत्रों की माने तो एक अप्रैल से 29 अप्रैल तक कुल 29 दिनों में लगभग ढाई लाख का फूल माला बेचा गया।

### इनका कहना है

टिकट में प्रिंटिंग मिस्टेक हो गई थी। वर्ष 2024 के लिए टिकट मंगाई गई है। टेंडर आचार संहिता के बाद दिये जाएंगे। फूल माला की वसूली की शिकायत मिली है। जांच की जाएगी। सीढ़ी के नीचे वाले तखत को हटवाने के निर्देश दिये गये है। व्यवस्था करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

**विशाल सिंह**
**सीएमओ नगर परिषद चित्रकूट**

सीएमओ की मनमानी पर जल्द लगाम लगेगी चित्रकूट नगर परिषद की मनमानियों की शिकायत लगातार मिल रही है। जगह-जगह अधिकारियों की शह पर अतिक्रमण कराया गया है। इनके पास पार्किंग की जगह न होते हुए भी वसूली की जाती है। गुप्त गोदावरी में श्रद्धालुओं के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। सीएमओ अतिक्रमण वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते। कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री से सीएमओ के काले चिट्ठे की शिकायत की जाएगी।आचार संहिता के बाद यहां की व्यवस्थाओं में सुधार करने का प्रयास किया जाएगा।

**सुरेन्द्र सिंह गहरवार**
विधायक, चित्रकूट।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल फोन फटा, दो बच्चे घायल



**सतना।** मैहर जिले के खैरा गाँव में मोबाइल फोन फट गया इस घटना में दो बच्चे झुलस गए। जिन्हें पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि हाथ की उंगलियां ब्लास्ट में लहूलुहान हो गई हैं। घायल बच्चों के नाम 10 वर्षीय शुभम साहू और उमेश साहू हैं। दोनों लोग शासकीय स्कूल धतुरा में पढ़ते हैं। जानकारी मिली है कि बैटरी को फोन से निकलकर क्लिप वाले चार्जर से उसे चार्ज कर रहे थे। इस वक्त यह हादसा हुआ है।

### मिट्टी तेल डालकर आग लगाने वाले युवक की मौत

**सतना।** कैरोसिन डालकर खुद को आग लगाने वाले युवक की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक 28 अप्रैल को पुष्पराज निवासी नई बस्ती ने अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर कैरोसिन डालकर आग लगा ली थी। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### टिकुलिया टोला में गोली चलने की खबर

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र में बीती रात टिकुरिया टोला में गोली चलने की खबर मिली है। इस घटना में एक युवक के पैर में छर्रे लगे हैं। युवक को प्राथमिक उपचार के बाद रीवा रेफर कर दिया गया है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश होना बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### श्रीमद भागवत कथा की भव्य कलश शोभायात्रा 4 को



**मैहर।** स्थानीय कचहरी के बगल से स्थित अग्निहोत्री कंपाउंड में अग्रवाल परिवार द्वारा आगामी 4 मई से 10 मई तक संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 11 मई को चारों धाम का हवन व भंडारे का आयोजन किया गया है। कथा व्यास अरविंद शुक्ल महाराज कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का विस्तार से वर्णन करेगे। श्रीमद् भागवत कथा धार्मिक आयोजन हेतु भव्य कलश यात्रा 4 मई दोपहर 3 बजे प्राचीन गोपाल बाग मन्दिर से प्रारंभ होगी तथा कथा स्थल पर समाप्त होगी। प्रवचन प्रतिदिन शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक होगा।

### यशवंतपुर-गया-यशवंतपुर के लिए स्पेशल ट्रेन प्रारंभ

**सतना।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के लिए गाड़ी संख्या 06217/06218 यशवंतपुर-गया-यशवंतपुर समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी,पिपरिया,नरसिंहपुर,जबलपुर,कटनी एवं सतना स्टेशन होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 06217 यशवंतपुर-गया समर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 27 अप्रैल से 25 मई 2024 तक प्रत्येक शनिवार को यशवंतपुर स्टेशन से 07:30 बजे प्रस्थान कर,अगले दिन रविवार को 13:35 बजे इटारसी,15:03 बजे पिपरिया,16:33 बजे नरसिंहपुर,18:10 बजे जबलपुर,19:58 बजे कटनी,21:20 बजे सतना पहुँचकर और तीसरे दिन सोमवार को 07:30 बजे गया स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06218 गया-यशवंतपुर समर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 29 अप्रैल से 27 मई 2024 तक प्रत्येक सोमवार को गया स्टेशन से रात्रि 23:45 बजे प्रस्थान कर,अगले दिन 08:00 बजे सतना,09:30 बजे कटनी,11:20 बजे जबलपुर, 12:40 बजे नरसिंहपुर,13:50 बजे पिपरिया,16:05 बजे इटारसी पहुँचकर और तीसरे दिन बुधवार रात 22:00 बजे यशवंतपुर स्टेशन पहुँचेगी।

## रेलवे के प्रमुख मुख्य इंजीनियर सहित 123 रेलकर्मी सेवानिवृत्त



**सतना।** पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत अधिकारी प्रमुख मुख्य इंजीनियर अरविन्द कुमार सिंह, मुख्य संचार इंजीनियर कृष्ण कुमार श्रीवास्तव एवं उप मुख्य इंजीनियर मुन्नालाल जैन तीन अधिकारी सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों में मिलाकर कुल 123 रेलकर्मी मंगलवार 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए।पश्चिम मध्यरेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 30 अप्रैल 2024 को महा प्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने प्रमुख मुख्य इंजीनियर अरविन्द कुमार सिंह के अधिवार्षिता पर सेवा निवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिलवर मेडल प्रदान किये।अपर महाप्रबंधक आर.एस.सक्सेना के द्वारा भी मुख्य संचार इंजीनियर कृष्ण कुमार श्रीवास्तव एवं उप मुख्य इंजीनियर मुन्नालाल जैन के अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिलवर मेडल प्रदान किये। सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ,सुखी और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनायें दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ उप महाप्रबंधक पंकज शर्मा,प्रमुख मुख्य यांत्रिकी प्रबंधक नितिन चौधरी, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर,मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) दीपक कुमार गुप्ता,सचिव महा प्रबंधक राहुल जयपुरियार सहित अन्य विभाग के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष और चारों उप मुख्य कार्मिक अधिकारी सुश्री पूर्णिमा जैन,एच.एस.मीणा,राहुल श्रीवास्तव,संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। मंगलवार को सेवानिवृत होने वालों में मुख्यालय में 03 अधिकारियों एवं 02 रेल कर्मचारियों, जबलपुर मंडल में 29 रेल कर्मचारियों,भोपाल मण्डल में 36 रेल कर्मचारियों, भोपाल कारखाना में 15 रेल कर्मचारियों,कोटा मण्डल में 31 रेल कर्मचारियों एवं कोटा कारखाना में 07 रेल कर्मचारियों सहित पमरे पर कुल 123 रेल कर्मियों की सेवानिवृत्ति हुई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को सेवा निवृत्ति पर गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनकी सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन के द्वारा शुभकामनाए दी गईं।

## विद्यालय परिसर में बेची जा रही थी किताबें

# कलेक्टर ने लगाया 2 लाख रुपए का जुर्माना

### टिकुरिया टोला स्थित गुरुकुलम विद्यालय के खिलाफ कार्रवाई




सतना।

नियम कायदों के विपरीत होकर मनमानी करना एक निजी स्कूल के संचालक को महंगा पड़ा है। टिकुरिया टोला इलाके में संचालित गुरुकुलम स्कूल परिसर में किताबें बेची जा रही थी। जिसकी जानकारी मिलने पर जिला कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कार्यवाही करते हुए विद्यालय संचालक पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर ने निजी स्कूल पर यह कार्रवाई मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस व अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) 2017 व 2020 की धारा 6 व 9 के तहत की है। शासन एवं प्रशासन स्तर पर स्कूलों में पाठ्य पुस्तकों का निर्धारण एवं उनके विक्रय के सम्बंध में पिछले दिनों लगातार हिदायतें जारी कर स्कूल प्रबंधनों को मनमानी न करने और पालकों को इसके लिए बाध्य न करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके सतना में स्कूल प्रबंधनों की मनमानी नहीं रुकी। इसी बीच कलेक्टर को गुरुकुलम विद्यापीठ में स्टॉल लगा कर किताबें बेचे जाने की शिकायत प्राप्त हुई। कलेक्टर ने बीईओ सोहावल को इसकी जांच के आदेश दिए।जांच अधिकारी ने 28 मार्च को प्रस्तुत अपने प्रतिवेदन में स्पष्ट किया कि गुरु कुलम ज्ञानोदय विद्यापीठ में किताबे बेचने के लिए स्टॉल लगाए गए थे जिसके लिए संस्था प्रमुख ने अनुमति भी दी थी। यह बात संस्था प्रमुख ने जांच के दौरान स्वीकार भी की है। प्रतिवेदन मिलने पर गुरुकुलम विद्यापीठ के संस्था प्रमुख को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया तो उन्होंने 4 अप्रैल को दिए अपने जवाब में ठीकरा अभिभावकों पर ही फोड़ दिया। उन्होंने जवाब में कहा कि अवकाश होने के कारण पीछे का गेट खुला था जहां से आए अभिभावकों ने खुद ही किताबें रखकर स्टॉल लगा लिया था। उन स्टॉलों को बाद में उन्होंने हटवाया था। जांच अधिकारी के सामने स्वीकारोक्ति और कलेक्टर के नोटिस के जवाब में विरोधाभास ने यह स्पष्ट कर दिया कि स्कूल में किताबें बिकवाने में स्कूल प्रबंधन शामिल है लिहाजा कलेक्टर ने प्रबंधन पर 2 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाने का आदेश जारी कर दिया।

## कलेक्टर ने स्ट्रांग रुम का किया निरीक्षण



सतना।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मंगलवार को स्ट्रांग रुम स्थल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी और एलईडी टीवी की जांच कर सुरक्षा प्रहरियों को पूरी सजगता के साथ पूरे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाये रखने के निर्देश दिये। गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र के मतदान में उपयोग की गई ईवीएम मशीन मतदान पश्चात कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रुम में सुरक्षित रखी गई हैं। इन मशीनों को स्ट्रांग रुम से मतगणना वाले दिन 4 जून को स्ट्रांग रुम से बाहर निकाला जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सतना संसदीय क्षेत्र में शामिल विधानसभा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को अपनी-अपनी विधानसभा के स्ट्रांग रुम का निरीक्षण प्रतिदिन करने के निर्देश दिये गये हैं।इसके अलावा कार्यपालिक दंडाधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं। स्ट्रांगरूम की सुरक्षा की मुख्य जिम्मेदारी केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल के जवानों ने संभाल रखी है। स्ट्रांगरूम के पास किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को जाने की अनुमति नहीं है। वहीं स्ट्रांग रूम के भीतर और उसके चारों ओर की प्रत्येक गतिविधि पर सीसीटीव्ही कैमरों से नजर रखी जा रही है।

## गुप्तगोदावरी में महिला का मोबाइल फोन चोरी

**सतना।** चित्रकूट का प्रमुख दार्शनिक स्थल एवं पर्यटक स्थल गुप्त गोदावरी में महिला का मोबाइल चोरी कर लिया गया। सोमवार का लगभग 12 बजे आसपास लाल कलर की टी शर्ट पहने चोर ने मोबाइल फोन चोरी कर लिया। चोर के साथ उसका एक साथी जो गुलाबी कलर की टी शर्ट में था। पिछले 3 साल में एक दर्जन से ज्यादा मोबाइल चोरी हुए हैं। पानी वाली गुफा में बदमाश भी मौजूद रहते हैं।

## डिप्टी कलेक्टर सुरेश कुमार गुप्ता को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



सतना।

सतना जिले में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर सुरेश कुमार गुप्ता को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सतना जिला प्रशासन की तरफ से भावभीनी विदाई दी गई। संयुक्त कलेक्ट्रेट सतना के सभाकक्ष में आयोजित विदाई कार्यक्रम में कलेक्टर अनुराग वर्मा ने डिप्टी कलेक्टर श्री गुप्ता को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें प्रेषित की। कलेक्टर ने शाल-श्रीफल से सम्मानित कर रामायण ग्रंथ की पुस्तिका और स्मृति चिन्ह भेंट किए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि डिप्टी कलेक्टर श्री गुप्ता को विधानसभा निर्वाचन 2023 में सबसे पहले रैगांव विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित करने पर चैंपियनशिप अवार्ड दिया गया था। श्री गुप्ता ने सौंपे गये कार्यों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ किया। इतने लंबे सेवाकाल में निर्विवाद सुचारु रुप से दायित्वों का निर्वहन किया है। कलेक्टर ने श्री गुप्ता को भविष्य के सुखमय,समृद्ध और स्वस्थ्य जीवन की शुभकामनाएं दी।इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े, एसडीएम नीरज खरे,राहुल सिलाढ़िया, डिप्टी कलेक्टर सुमेश द्विवेदी सहित राजस्व विभाग और कलेक्ट्रेट ऑफिस के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने डिप्टी कलेक्टर श्री गुप्ता की कर्तव्य निष्ठा और कार्य पद्धति की सराहना करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

**खबर संक्षेप**

## बेलगाम पिकअप ने 16 माह की मासूम बच्ची को रौंदा पैर का पंजा कुचला



**पन्ना।** जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा जिसके चलते लगातार हादसे हो रहे हैं। अजयगढ़ थाना अंतर्गत अमहा तिगैला घर के सामने खेल रही एक 16 माह की मासूम बच्ची को बेलगाम पिकअप वाहन ने रौंद दिया जिससे बच्ची के एक पैर का पंजा बुरी तरह से कुचल गया है। गंभीर हालत में बच्ची को परिवार के द्वारा अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर विपिन पटेल के द्वारा बच्ची की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार उपरांत जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया गया है। बच्ची के भाई रवि आदिवसी ने बताया कि बच्ची घर के सामने ही खेल रही थी तभी पिकअप वाहन ने चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बच्ची को कुचल दिया।

## पुलिस में सेवा के बाद रिटायर्ड हुए अशोक द्विवेदी



**पन्ना।** पुलिस विभाग में पन्ना कोतवाली से अपनी नौकरी की शुरुआत करने वाली मूलत उत्तर प्रदेश के निवासी सी अशोक द्विवेदी 37 वर्ष की पुलिस सेवा के बाद आज रिटायर्ड हो गए पूरी अपने सेवा के कार्यकाल के दौरान अशोक द्विवेदी ने लग्न और मेहनत से काम किया और पुलिस विभाग का नाम रोशन किया। एस आई अशोक द्विवेदी एवं उनकी धर्मपत्नी राजेश्वरी द्विवेदी के रिटायरमेंट की अवसर पर कोतवाली में समारोह आयोजित किया गया जिसमें सभी पुलिस के साथ ही कर्मचारियों अधिकारियों ने सुखद जीवन की कामना की कोतवाली प्रभारी रोहित मिश्रा ने अशोक द्विवेदी का सम्मान किया और माल श्रीफल और साल से सम्मान पर उपहार दिया। इस दौरान उनके परिजन चित्रकूट से आए कार्तिक द्विवेदी, पद्मनाभ द्विवेदी, राजेश्वरी द्विवेदी, शिवकुमार त्रिपाठी, ेप प्रज्ञा परोहा, उप निरीक्षक रचना पटेल, उपनिरीक्षक कस्तूरी अहिरवार, सहायक उप निरीक्षक राम सजीवन तिवारी, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक फूल कुमारी क्रिकेटटा, उप निरीक्षक शक्ति प्रकाश पांडे, उपनिरीक्षक रामकृष्ण पाण्डेय ,सहायक उप निरीक्षक रानी भारतीय, दीप प्रकाश,सृष्टि तिवारी जानकी सिंह तारा देवी, नत्थू लाल,राजकुमार, रवि खरे सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी कर्मचारीयों विदाई समारोह में शामिल होकर अच्छे स्वास्थ्य और सुखद जीवन की शुभकामनाएं दी।

## पूरक परीक्षा के आवेदन 1 मई से

**पन्ना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल द्वारा वर्ष 2024 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र 01 मई से भरे जाएंगे। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी (पूरक परीक्षा) के आवेदन परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक भरे जा सकेगें। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अर्थात 7 जून तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र केवल ऑनलाईन भरने की विस्तृत प्रक्रिया मण्डल की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## नहर में गिरे बाइक सवार 2 घायल



**पन्ना।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम बराछ के पास बाइक सवार 2 युवकों के बाइक सहित नहर में गिरकर घायल होने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में घायल युवक नरेंद्र चौधरी निवासी मझोली जबलपुर ने बताया कि वह जबलपुर से अपनी बहन की ससुराल ग्राम ककरहटी मोटरसाइकिल से आया था, साथ में पीछे साहिल चौधरी भी बैठा हुआ था तभी अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से बाइक सहित दोनों लोग नहर में गिर गए।

### कलेक्टर के हस्ताक्षेप के बाद हुई थी कार्यवाही

# फिर नये अतिक्रमण की खबर समझ से परे

**जिले में आचार संहिता जहां इस समय लागू है वहीं अतिक्रमणकारी भी शासकीय तालाब की बेशकीमती जमीन जो सड़क किनारे पवई सलेहा मार्ग के ग्राम पटना तमोली में स्थित है जहां कलेक्टर ने अतिक्रमण रोकने को लेकर भरोसा दिया वहां नया अतिक्रमण भी हो गया शुरू जो पहले कइस रहा था वह कायम ही पर नया शुरू यह कैसी दास्तां समझ से परे क्या कानून से बढकर अतिक्रमणकारी**




**पन्ना।**

जिले में चुनावी समय में कुछ लोग अपने स्वार्थ को आचार संहिता के समय अंजाम देने को लेकर सोची समझी रणनीति के तहत कार्य करते है जिले की गुनौर तहसील अंतर्गत पवई से सलेहा मुख्य मार्ग में ग्राम पंचायत पटना तमोली के सड़क किनारे तालाब की बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा आचार संहिता का बखूबी लाभ उठाया गया। यहां गौरतलब बात यह है कि विधानसभा चुनाव के समय भी अतिक्रमण किया गया लोकसभा चुनाव के दौरान उसे आगे बढ़ाया गया इस मामले को हरिभूमि ने बखूबी उठाया जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार से बात की जहां आपने इस अतिक्रमण पर कार्यवाही करने को लेकर भरोसा दिया वहीं साथ ही तालाब की जमीन मुक्त कराने की कार्यवाही की जायेगी। निश्चिततौर पर कलेक्टर पन्ना ने जो कहा वह आगे दिशा तय हुई नायब तहसीलदार घटना स्थल पर पहुंचे पटवारी को सोकाज नोटिस जारी हुआ पर हालात अतिक्रमण की बात करें तो वह अतिक्रमण तो जो हुआ है कायम ही है साथ ही नया अतिक्रमण पुनः लोगों ने शुरू कर दिया। आखिर यह दास्तां समझ से परे कलेक्टर के हस्ताक्षेप के बाद भी तहसील गुनौर की दास्तां प्रशासन को खुली चुनौती अतिक्रमणकारियों के द्वारा दी जा रही है ऐसा माना जा रहा है क्योंकि जहां एक तरफ कलेक्टर ने अतिक्रमणकारियों से जमीन मुक्त कराने को लेकर हरिभूमि से बात कही थी वहीं नया अतिक्रमण उसी तालाब में कैसे होने लगा। इस संबंध में एसडीएम गुनौर से बात की गई जिन्होंने इस बात की पुष्टि की निश्चिततौर पर तालाब में अतिक्रमण हो रहा था जिस पर स्थगन आदेश जारी किया गया है वहीं मामले पर कार्यवाही भी की जा रही है इतना ही नहीं जब आपसे आज के हालात पर बात की गई कि नया अतिक्रमण फिर क्यों शुरू हो रहा है तो गुनौर एसडीएम ने कहा कि मै तत्काल नायब तहसीलदार को अभी भेजता हूँ अब देखना यह है कइस अतिक्रमण की दास्तां पर क्या कार्यवाही होगी अतिक्रमण रूकेंगे तालाब बचेगा कि नहीं यह तो तहसील गुनौर के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली से ही आगे तय होगा। जब कलेक्टर के हस्ताक्षेप के बाद अतिक्रण रूकने की बजाय नया शुरू हो जाता है तो फिर निश्चिततौर पर यह साबित होता है कि अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद है कि कलेक्टर की भी परवाह नहीं आखिर इसके पीछे क्या है राज यह तो अब आगामी कार्यप्रणाली से ही तय होगा जिस तरह से एसडीएम गुनौर ने दावा किया है नायब तहसीलदार भेजकर मामले पर कार्यवाही अतिक्रमण रोकने को लेकर की जाती है कि नहीं यह तो आगे वक्त ही तय करेगा।

## महुआ के पेड़ में फांसी के फंदे पर लटकता मिला लापता व्यक्ति का शव



**पन्ना।**

2 दिन से घर से लापता व्यक्ति का शव कटरा बंधा के जंगल में पेड़ पर फांसी के फंदे में लटकता हुआ मिलने से हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पन्ना कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर देखा तो युवक अपने पेंट से फांसी का फंदा बनाकर पेड़ पर लटका हुआ था। मृतक की शिनाख्त बल्लू आदिवासी पिता कालू आदिवासी निवासी ग्राम खंदिया ग्राम पंचायत कटरा के रूप में हुई है। जो 2 दिन से घर से लापता था। परिवार के लोगों के द्वारा गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई गई थी। पन्ना कोतवाली अंतर्गत सिविल लाइन चौकी पुलिस ने मृतक का पंचनामा और पोस्टमार्टम करवा कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। और मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। फिलहाल व्यक्ति के द्वारा इस प्रकार का घातक कदम उठाए जाने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## असमायिक सड़क दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर यातायात पुलिस की नायाब कार्यवाही

### इन्टर सेप्टर व्हीकल के माध्यम से तेज गति से वाहन चलाने वालों पर यातायात पुलिस की कार्यवाही

**पन्ना।**

असमायिक सड़क दुर्घटनाओं में जहां जान गवां बैठते है लोग वहीं अधिकतर घायलों की संख्या भीर सड़क हादसों में जिंदगी जीने को लेकर आगे सफर तय करती है वहीं जिले में सड़क हादसों को रोकने को लेकर यातायात पुलिस की तरह-तरह से कार्यवाही इन दिनों देखने को मिल रही है एक तरफ इन्टर सेप्टर व्हीकल के माध्यम से तेज गति से वाहन चलाने पर कार्यवाही वहीं निश्चित गति सीमा 60 का बोर्ड भी लगाया गया, मोबाइल का इस्तेमाल वाहन चलाते वक्त करने पर कार्यवाही चर्चा में






पन्ना। एक तरफ स्वयं की जिंदगी हम आप सभी की होती है परिवार हो या स्वयं जब वाहन में चलते है तो गति का पैमाना समय के साथ सड़क पर ही तय करने को लेकर अधिकतर लोग जल्दबाजी करते है नतीजा कही न कहीं जोखिम भरा होता है शासन के द्वारा जो गति का पैमाना सड़क पर वाहन चलाने का 60 की स्पीड तय की है उस पर हमारे जिले की यातायात पुलिस के द्वारा पुलिस अधीक्षक पन्ना के मार्गदर्शन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह के निर्देशन में तरह-तरह से कार्यवाही आम आदमी की जान की सुरक्षा को लेकर सड़क हादसों या सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने को लेकर कार्यवाही की जा रही है। जो निश्चिततौर पर पन्ना जिले की पुलिस की कार्यप्रणाली हम आप सबकी जिंदगी परिवार हो या स्वयं को सुरक्षित सफर तय करने को लेकर दिशा दी जा रही है कार्यवाही के नाम पर अधिकतर देखने पर यह आता है कि जब हम दोपहिया वाहन चलाते है तो वाहन चलाते वक्त मोबाइल कान पर लगाकर वाहन भी चलाते है जिससे स्वयं का ध्यान बात व वाहन चलाने में बंटने पर कई बार हादसों के हालात तय होते है। इतना ही नहीं स्वयं की जान खतरे में होती है दूसरों की भी जान जोखिम के हालात तय होते जिसको ध्यान में रखकर यातायात पुलिस के द्वारा कई लोगों पर मोबाइल का इस्तेमाल वाहन चलाते वक्त करने पर कार्यवाही तय की गई चालानी रूप से वहीं सड़क में जहां-जहां अतिक्रमण के हालात कहें या कि जाम लगने की स्थिति निर्मित होती है उस पर भी यातायात पुलिस के द्वारा कार्यवाही की दिशा तय की गई जैसे पुराना पावर हाउस के पास मुरारी दूध डेयरी की दुकान के पास आदि। वहीं पंचम सिंह चौराहा आदि पर भी पुलिस की कार्यवाही चर्चा में है। इन्टर सेप्टर व्हीकल के माध्यम से जिले में जो कार्यवाही की जा रही है अजयगढ़ बाईपास के पास जिस तरह से तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही की दिशा तय हुई अब यातायात नियमों का पालन कराये जाने को लेकर पुलिस के द्वारा यह कार्यवाही हमारी आपकी जान की सुरक्षा के साथ-साथ जो सड़क हादसों में असमायिक लोग काल कवलित होते है वहीं घायल होने के बाद मजबूर जिंदगी जीते है ऐसे मामलों में कमी लाने को लेकर भी यह कार्यवाही इस तरह की आगे हमारी जिंदगी के लिये जहां खुशहाली के साथ-साथ जिले में सड़क हादसों के मामलों में जो अभी तक असमायिक घटनायें घटती थी उसमें भी कमी आयेगी। गौरतलब बात यह है कि यातायात थाना प्रभारी नीलम लक्ष्यकार के द्वारा सड़क किनारे दुकान संचालकों का अतिक्रमण फुटपाथ पर वाहन खड़े करने वालों पर कार्यवाही की दिशा भी तय की गई। वहीं खतरनाक तरीके से वाहन चलाते वक्त अब वाहन चालन मोबाइल फोन का उपयोग पर भी कड़ी नजर व कार्यवाही की दिशा तय हो जाती है लगभग 54 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुये 21500 रूपये संमन शुल्क भी वसूला गया है।

### निर्वाचन लोकसभा 2024 में तत्परता पूर्वक समय पर कार्यवाही किये जाने को लेकर

## प्रशस्ति पत्र बधाई शुभकामनाओं के साथ जिला पंचायत सीईओ ने सतेन्द्र श्रीवास्तव को नवाजा

**पन्ना।**

निश्चित ही लोकसभा निर्वाचन 2024 का कार्य जहां चुनौती पूर्ण तो था ही साथ ही इस कार्य में कार्मिक प्रबंधन मतदान दलों के गठन कार्मिकों का रेड माइजेशन कार्मिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर कार्यवाही संबंधी दायित्वों को लेकर जो तत्परता से कार्य किया गया जिसको लेकर सतेन्द्र श्रीवास्तव लिपिक सहायक ग्रेड-3 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय द्वारा शुभकामनाओं सहित सम्मान पत्र से नवाजा, इससे कार्य करने वालों का हौसला अफजाई उदाहरण तय होती है दास्तां



जिले में जब भी महत्वपूर्ण कार्य बड़े रूप में सामने आते है तो निश्चित ही एक बड़ा दायित्व तय हो जाता है लोकस भा निर्वाचन 2024 का कार्य भी चुनौती पूर्ण प्रशासन के लिये माना जाता है जहां तत्परता से कार्य करने वाले कुछ ही लोग होते है जिनकी तत्परता से सफलता के आयाम तय होते है निश्चित ही लोकसभा निर्वाचन 2024 में कार्मिक प्रबंधन अंतर्गत मतदान दलों के गठन से लेकर कार्मिकों का रेड माइजेशन कार्मिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर कार्यवाही संबंधी दायित्वों के निर्वाहन में उत्कृष्ठ कार्य जिला पंचायत में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 सतेन्द्र श्रीवास्तव को सीईओ जिला पंचायत संघ प्रिय द्वारा जहां शुभकामनाओं सहित विश्वास के साथ भविष्य में इसी तरह पूर्ण मनोयोग एवं प्रतिबद्धता से सोंपे गये दायित्वों का समय सीमा में निर्वाहन करने की अपेक्षा के साथ सम्मान पत्र से नवाजा गया। इस तरह की कार्यप्रणाली जहां हमारे जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जो कर्तव्यनिष्ठा के साथ-साथ अपनों को सम्मान व हौंसला अफजाई को लकेर भी जाने जाते है जो आज देखने को मिला वहीं इस तरह के हौंसला अफजाई से अन्य लोगों को भी अनुकरण के साथ-साथ कर्तव्यनिष्ठ भूमिका की दिशा तय होती है वहीं जो इस तरह के कार्य करते है उनका मन अपने अधिकारी के प्रति विश्वास के साथ आगे और भी अच्छा कार्य करने के लिये मनोदशा तय होती है।

## एसी का तापमान 27 डिग्री सेट करने पर 30 फीसदी तक की कमी

### विद्युत कम्पनी द्वारा सलाह जारी

**पन्ना।**

गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से बिजली बिल अधिक आता है, लेकिन कुछ तरीके अपना कर बिजली बिल में कमी की जा सकती है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जारी सलाह में कहा गया है कि एक शोध से यह साबित हुआ है कि एसी का तापमान 27 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। शोध के अनुसार प्रत्येक डिग्री तापमान में वृद्धि के परिणामस्वरूप स्प्लिट एसी की ऊर्जा खपत में 6 प्रतिशत की कमी आती है। विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार गर्मियों के दौरान एयर कंडीशनर के लगातार चलने के कारण बिजली का बिल चिंता का एक बड़ा कारण है, लेकिन एयर कंडीशनर का समझदारी से उपयोग करके आप इसे काफी हद तक कम कर सकते हैं। विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा जारी सुझावों में सबसे महत्वपूर्ण है कि एसी को ऊंचे लेकिन आरामदायक तापमान पर चलाना चाहिए। विभिन्न एजेंसियों के शोधों से साबित हुआ है कि एसी के तापमान को 27 डिग्री सेल्सियस पर सेट करने से बिजली के बिल को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। दरसअल कमरे को तुरंत ठंडा करने के लिए तापमान को 18 डिग्री तक कम करना एक आम गलतफहमी है, जबकि 27 डिग्री सेल्सियस तक कम करने में लगने वाला समय वही रहता है, चाहे आप एसी का तापमान 18 या 27 डिग्री सेल्सियस पर सेट करें, लेकिन जब आप कम तापमान सेट करते हैं, तो कमरे के तापमान को कम करने के लिए कंप्रेसर को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ती है। इसके परिणामस्वरूप अधिक बिल आता है। यहां तक कि अगर आप थर्मोस्टेट को 18 डिग्री पर सेट करने के बाद कुछ मिनटों के भीतर एसी बंद कर देते हैं, तो विभिन्न लीक के माध्यम से ठंडी हवा के फैलने से तापमान तेजी से बढ़ जाएगा, जिससे आपका प्रयास व्यर्थ हो जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आप थर्मोस्टेट को 27 डिग्री सेल्सियस पर सेट करते हैं और टाइमर को 2 घंटे के लिए सेट करते हैं और साथ में सीलिंग फैन चला देते हैं, तो यह आमतौर पर अच्छी नींद के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखता है। इसलिए समझदारी से काम लेते हुए एसी को 27 डिग्री पर सेट करें। सीलिंग फैन एक या दो पाइंट पर जरूर चलाएं, ऐसा करने से बिजली बिल में कमी आ सकती है।

## शादी समारोह के दौरान चले लाठी डंडे 2 घायल, 1 की हालत गंभीर



**पन्ना।** कोतवाली थाना पन्ना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 26 के रानीबाग टगरा में विवाह कार्यक्रम के दौरान 2 पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें 2 युवक घायल हो गए हैं जिसमें 1 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में घायल सत्येंद्र वर्मा उम्र लगभग 30 वर्ष ने जानकारी देते हुए बताया की शादी के दौरान हम लोग मेहमानों को भोजन परोस रहे थे तभी मेरे छोटे भाई के साथ राजेंद्र वर्मा और राजकुमार वर्मा गाली गलौज करने लगी मेरे द्वारा जाकर यह समझाइए देकर कि बारात आने वाली है ऐसे में लड़ाई झगड़ा करने से बदनामी होगी मेरे द्वारा बीच बचाव करने का प्रयास किया गया तो आरोपियों ने मेरे भाई की गर्दन पकड़ कर मारपीट शुरू कर दी और जब मैंने बचाने का प्रयास किया तो राजेंद्र वर्मा और राजकुमार वर्मा ने मुझ पर लाठी डंडों से हमला कर दिया जिससे दोनों भाई घायल हो गए। सत्येंद्र वर्मा निवासी टगरा की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसे डायल हंड्रेड की मदद से जिला चिकित्सालय पन्ना में भर्ती कराया गया है जहां इलाज जारी है।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बाइक को कुचलते हुए कपड़े की दुकान में घुसी

**पन्ना।**

नगर के गांधी चौक में बीती शाम उस वक्त हड़कंप मच गया जब यशवंत गारमेंट में अनियंत्रित स्विफ्ट डिजायर कार क्र एमपी 15 सीबी 6528 दुकान में घुस गई। दुकान मालिक ने बताया कि वह दुकान के दूसरी ओर बैठे हुए थे, अचानक तेज रफ्तार कार दुकान के अंदर आ घुसी जिससे वह हक्के-बक्के रह गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह कार महेंद्र भवन चौक की तरफ से गांधी चौक की तरफ आ रही थी जो खड़ी बाइक को कुचलती हुई कपड़े की दुकान में जा घुसी, गनीमत रही कि उस वक्त दुकान में कोई



ग्राहक नहीं था अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। कार चालक ने भाग कर दूसरी दुकान में घुस कर स्वयं को पिटाई से बचाया, दुर्घटना के बाद दुकान के सामने वाहनों का जाम लग गया लोग हादसे को देखकर अचंभित थे, सूचना मिलते ही पन्ना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया एवं जाम खुलवा कर कार चालक को अभिरक्षा में लिया। बताया गया है कि कार चालक शराब के नशे में था, कार के सामने से अचानक किसी के गुजरने से ब्रेक की जगह चालक का पैर एक्सीलेटर में चला गया जिससे कार आमंत्रित होकर दुकान में जा घुसी।

## खबर संक्षेप

### बच्ची के साथ हुआ दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

**खजुराहो।** पर्यटन नगरी खजुराहो के मंजूर नगर इलाके में स्थित जीरो होमस्टे संचालक के द्वारा एक अबोध बच्ची के साथ दुराचार करने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### हिन्दुओं को जोडने महाभण्डारे का आयोजन



**छतरपुर।** छतरपुर के कुछ युवाओं के द्वारा हिन्दुओं को जाति की भावना से ऊपर उठकर सनातन की एक भावना के माध्यम से जोडने एवं सनातनी परंपराओं के प्रचार-प्रसार के लिए हर सप्ताह मंगलवार को विभिन्न मंदिरों में भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दू जोड़ो संगठन नामक इस संस्था के द्वारा विगत एक वर्ष में निरंतर जिले के प्रमुख मंदिरों जैसे हनुमान टौरिया, खड़े हनुमान मंदिर, जानराय टौरिया मंदिर, बागेश्वर धाम, बालाजी मंदिर में भण्डारे का आयोजन कराया जाता रहा। एक वर्ष पूर्ण होने पर इस संगठन ने 30 अप्रैल को शहर के मोटे के महावीर मंदिर में एक भव्य महाभण्डारे का आयोजन किया जिसमें शहर के अनेक नागरिकों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। युवाओं के द्वारा एक वर्ष पूर्व 51 भण्डारे का संकल्प लिया गया था जो 30 अप्रैल को पूर्ण हो गया है इसलिए युवाओं ने मोटे के महावीर मंदिर में समापन के आयोजन पर हवन-पूजन एवं सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन भी किया।

### अनुभव सिंघल ने जिले को किया गौरवान्वित



**अनूपपुर।** 23 वर्षीय अनुभव सिंघल ने ऑल इंडिया बार एक्जामिनेशन पास कर अनूपपुर जिले को गौरवान्वित किया है। इनका जन्म 23.03.2001 को अग्रवाल परिवार में हुआ था पिता राजेश अग्रवाल जहां आरईएस विभाग में कार्यरत हैं तो वहीं माता माया अग्रवाल ग्रहणी हैं इनकी प्रारंभिक शिक्षा सेंट्रल पब्लिक स्कूल राजेन्द्रग्राम में संपन्न हुई तत्पश्चात कल्याणिका निकेतन अमरकंटक में आगे की पढ़ाई पूरी की। इसी बीच 10वीं में इनका सेलेक्शन केन्द्रीय विद्यालय झगराखांड छ.ग. के लिये हो गया 12 वीं के बाद दिल्ली स्थित तारा इंस्टीट्यूट में एलएलबी व क्लेट की कोचिंग करते रहे पहली बार के काउंसलिंग में लातूर दूसरे में मुंबई का थाणे एवं तीसरी कांउसलिंग में इन्हे बिलासपुर का दिशा कॉलेज मिला और आगे की पढ़ाई पूरी कर जबलपुर उच्च न्यायालय में विगत एक वर्ष से प्रैक्टिस करने लगे इसी बीच ऑल इंडिया बार एक्जामिनेशन उत्तीर्ण कर सर्वोच्च न्यायालय में वकालत करने का रास्ता बना लिया है। इनकी इस सफलता पर अनूपपुर समेत आसपास के लोगों ने बधाईयां दी है।

### डीईओ ने जारी किया शोकॉज नोटिस

**अनूपपुर।** नवीन शैक्षणिक सत्र में निजी विद्यालयों के शैक्षणिक व्यवस्था शुल्क में वृद्धि, गणवेश तथा पुस्तक क्रय संबंधी शासन दिशानिर्देशों के अनुरूप कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के संबंध में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर जिले के अनुविभागीय दण्डाधिकारियों, राजस्व अधिकारियों के द्वारा जहां एक ओर निजी विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी और उनकी टीम द्वारा जिले के अशासकीय विद्यालय सन राइज कॉनवेन्ट स्कूल निगवानी, नवज्योति उ.मा.वि. कोठी, नवज्योति उ.मा.वि. बिजुरी, दिव्य वैदिक मिशन स्कूल कोतमा, भारत ज्योति उ.मा.वि. विकास नगर कोतमा, जे.ई.एम. उ.मा.वि. जमुना कॉलरी, एकता उ.मा.वि. कोतमा न्यू स्टेला मेरिस इंगलिश मीडियम स्कूल लहरपुर तथा लिटिल स्टेप इंगलिस मीडियम स्कूल अनूपपुर, बाल भारती पब्लिक स्कूल (मोजरबेयर) जैतहरी का निरीक्षण किया गया।

**खनिज अधिकारी के संरक्षण में सालों से बिना कवर्ड कैंपस, बिना पर्यावरण स्वीकृति के धड़ल्ले से चल रही क्रेशरें**

# क्रेशर से उडने बाली धूल को लेकर ग्राम पंचायत ने 5 क्रेशर संचालकों को किये नोटिस जारी

बकस्वाहा

जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत केरवारा के अन्तर्गत आने बाले जुझारपुर गांव मे नेशनल हाईवे के पास लगभग पांच क्रेशर संचालित है। नेशनल हाईवे के पास शासकीय महाविद्यालय संचालित है। साथ ही कोर्ट की बिल्डिंग का निर्माण भी हो रहा है। साथ ही वहां संचालित महाविद्यालय मे सैकडों बच्चे अध्ययन पढ़ते है। आस-पास के 3-4 गांव भी है। सभी क्रेशरो के संचालित होने से दिन भर धूल के गुब्बारे उडते है, पूरे वातावरण मे धूल उड़ती रहती है। खनिज अधिकारी अमित मिश्रा के संरक्षण में जिले भर में बिना कवर्ड केंपस बिना पर्यावरण स्वीकृति से चल रही सैकड़ो अवैध क्रेशरें। बक्सवाहा ब्लॉक में करीब दर्जन पर क्रेशरें संचालित हैं।



जिसमें गरीब पांच क्रेशर नेशनल हाईवे से लगी हई है। जिसमें किसी भी क्रेशर के पास ना तो कवर्ड केंपस, ना ही अधिकतर के पास पर्यावरण स्वीकृति है। 24 घंटे उड़ रही डस्ट के लिए पानी का भी कोई छिड़काव नहीं किया जाता है। जिससे 24 घंटे उड़ने वाली डस्ट से लोगो का स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा। स्थानीय लोगों ने खनिज अधिकारी पर लेन देन के लगाए गंभीर आरोप। ग्रामीणों ने बताया कि खनिज विभाग, प्रशासन नोटिस जारी कर अपने कागजों में खानापूर्ति कर अपना पल्ला झाड़ लेता है।

#### महाविद्यालय भी पहले नोटिस जारी कर चुका और आए दिन



#### नेशनल हाईवे पर हो रहे एक्सिडेंट -

जुझारपुर गांवो मे संचालित क्रेशरो को समय समय पर महाविद्यालय प्रबंधन नोटिस जारी कर चुका है। नोटिस के माध्यम से बता चुका है कि आपके क्रेशर के संचालन से महाविद्यालय की विल्डिग क्रेक हो रही है, और साथ ही ध्वनि प्रदूषण से बच्चो की पदाई बाधित होती है। साथ ही क्रेशरो से उडने बाली धूल से महाविद्यालय मे अध्यनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पढने की आशंका बनी रहती है।

जुझारपुर गांव में आधा किलोमीटर में लगभग पांच क्रेशर संचालित है। जिससे उतने जगह पर धूल के गुब्बारों से राहगीरो को कुछ दिखाई नही देता। जिससे उतनी जगह मे एक्सिडेंट होते रहते है। कुछ हदसो मे तो लोगो की मौत भी हो चुकी है। क्रेशर संचालकों की मनमानी के कारण पांच गांव पिछले चार दिन से अंधेरे में है। बीते दिनो क्रेशर संचालक के ड्राइवर की गलती के कारण डम्फर से विद्युत विभाग के 8-10 पोल टूट गये थे। जिससे आस पास के लगभग पांच गांव पिछले चार दिनो से अंधेरे मे है।

#### स्थानीय ग्राम पंचायत ने भी किया नोटिस जारी,



जुझारपुरा गांव मे संचालित लगभग पांच क्रेशरो को अब ग्राम पंचायत केरवारा ने नोटिस जारी किया है। ग्राम पंचायत ने जारी किये नोटिस मे कहा कि आप लोगो द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से क्रेशर को संचालित किया जा रहा है। आपके द्वारा क्रेशर के संचालन मे पानी का उपयोग नही किया जा रहा है। जिससे आपकी क्रेशरो से उडने बाली धूल से पंचायत के लोगो का स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पढने की आशंका है। ग्राम पंचायत केरवारा के ग्रामीणों ने स्वयं क्रेशरो पर पहुंचकर ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया गया नोटिस संचालकों को सौपा। इस मामले मे मुशी राजा व अन्य ग्रामीणो का कहना है की हम सभी ग्रामवासी क्रेशरो से उडने बाली धूल और इन सभी के मनमाने रवैये से परेशान है। हमारे स्वास्थ्य व फसलों कर बुरा प्रभाव पढ रहा है। इसलिये ग्राम पंचायत की ग्राम सभा मे प्रस्ताव डाल कर नोटिस जारी किया गया है। नोटिस हम लोगो द्वारा क्रेशर संचालकों को स्वंम हम लोगो ने जा कर दिया है।

#### बिजली विभाग के 8-10 पोल तोडे, फिर भी नही हुई कोई कार्यवाई -

विगत दिनो चौधरी क्रेशर के डम्फर चालक द्वारा बिजली विभाग के खंबो मे टक्कर मारने से विभाग के आठ दस खंबे छतिग्रासत हो गये थे। जिससे आसपास के लगभग पांच गांवो मे अंधेरा छा गया है। इतने नुकसान के बाद भी बिजली बिभाग द्वारा आज दिनांक तक कोई उचित कार्यवाही नही की गई।

#### इनका कहना है -

अगर क्रेशर संचालक नियमानुसार काम नही करते है, तो ग्राम पंचायत की ग्राम सभा के प्रस्ताव को खनिज विभाग व कलेक्टर को कार्यवाही हेतु भेजेगे।

**मोहन सेन, सचिव**
**ग्राम पंचायत केरवारा, जनपद बक्सवाहा**

## बोरिंग मशीन ने खेत पर सो रहे किसान को कुचला, हुई मौत

**छतरपुर।** जिले के बिजावर थानान्तर्गत ग्राम धरमपुरा में खेत पर बोरिंग कर लौट रहे बोर मशीन ट्रक ने खेत पर सो रहे किसान को कुचल दिया जिससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। बिजावर क्षेत्र के धरमपुरा से जटाशंकर मार्ग पर रात करीब 3 बजे खेत पर बोर कर बोरिंग मशीन चालक ट्रक खेत से वापिस निकाल रहा था। वहीं खेत पर नीद में सो रहे किसान गोली यादव उम्र 45 के ऊपर से गाड़ी के दोनों पहिए चढ़ गए और वह छत-विक्षत हो गया और मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही गाँव वालों और परिवार को लगी वह मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही खैरा चौकी प्रभारी केके कटारे ने मौके पर पहुंचकर दो ट्रकों को जब्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। वहीं कुछ दिन पूर्व छतरपुर जिले के कलेक्टर संदीप जी आर ने आदेश जारी करते हुए जिले भर में बोर खनन पर प्रतिबंध लगा रखा है लेकिन बोरिंग मशीन संचालक अपनी मनमानी कर अवैधानिक रूप से ट्यूबवैल खनन कर रहे हैं।

## मृतक अरविंद यादव, उसकी मां के साथ लाठी डंडों से की थी मारपीट, 3 आरोपी गिरफ्तार

**गुलगंज।** थाना अंतर्गत ग्राम मऊखेड़ा में हुए विवाद के बाद उपचार के दौरान घायल अरविंद यादव की मौत होने से पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने कंट्रोल रूम में पत्रकारों के समक्ष पुराने विवाद के बाद मारपीट में हुई हत्या का खुलासा किया है।

एसपी अगम जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 27 अप्रैल 2024 की शाम फरियादी पुन्ना यादव उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम मऊखेड़ा उसकी पत्नी एवं लड़के अरविंद के साथ गांव के लोगों द्वारा लड़ाई झगड़ा कर लाठी डंडों से मारपीट संबंधी रिपोर्ट पर थाना गुलगंज में मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी संबंधी विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। घटना के बाद घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए पाया कि पुरानी रंजिश के तहत मारपीट कर अरविंद यादव की हत्या की गई थी।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पुलिस टीम गठित कर लाठी डंडों से मारपीट कर हत्या करने वाले सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। थाना प्रभारी गुलगंज गुरु दत्त शेषा एवं पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना में शामिल तीन अभियुक्त कल्लू उर्फ वीरेंद्र यादव, धीरज यादव, जाहर यादव निवासी ग्राम मऊखेड़ा थाना गुलगंज को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ पर अभियुक्तों ने झगड़े की वजह पूर्व में हुए विवाद होना बताया। मारपीट एवं हत्या की घटना के शेष आरोपियों की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है।

## पशु चोर गिरफ्तार, 28 नग मवेशी बरामद

**छतरपुर।** दिनांक 29 अप्रैल 2024 की दोपहर फरियादी ओम प्रकाश पटेल निवासी ग्राम नैगुंवा अपने साथी हल्कू पटेल, आदेश पटेल, सरमन कुशवाहा, इंद्रपाल कुशवाहा, चंद्रभान कुशवाहा के साथ थाना में उपस्थित होकर 28 नग भैंस जो खेत में चर रही थी, चोरी कर हांक कर ले जाने वाले के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर थाना सटई में चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर चोरी हुई भैंस एवं चोरी से हांककर ले जाने वाले आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग दिशाओं में हर संभावित स्थानों, जंगलों, मार्गो में तलाश की गई।



पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना सटई पुलिस ने प्राप्त साक्ष्यों एवं कथनों के अनुसार संदेही सुम्मेर सिंह उम्र 46 वर्ष निवासी रतनपुर थाना पिपट को अभिरक्षा में लिया। संदेही ने पूछताछ पर अपने दो साथियों के साथ मिलकर भैंसों को चोरी करना स्वीकार किया एवं सम्मिलित आरोपियों के बारे में बताया गया। उक्त फरियादियों की चोरी हुई कुल 28 भैंस (छोटी बड़ी ) आरोपी सुम्मेर सिंह के कब्जे से पुनिया पठावा हार में नाले के पास ग्राम सादनी के जंगल से बरामद किया गया। आदतन अपराधी सुम्मेर सिंह के विरुद्ध थाना सटई में वर्ष 2022 में जुआ एक्ट तथा वर्ष 2023 में अवैध हथियार के अपराध पूर्व से पंजीबद्ध हैं। चोरी से मवेशी हांककर ले जाने वाले अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। अभियुक्त को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सटई निरीक्षक परशुराम डावर, चौकी प्रभारी पड़रिया कुलदीप सिंह जादौन, उप निरीक्षक कमलजीत सिंह, प्रधान आरक्षक कुरबान बेग, आरक्षक अनिल मांझी, अंकित पुरोहित, वीरपाल सिंह की मुख्य भूमिका रही।

## लिफ्ट देकर महिला से रेप करने वाला आरोपी पकड़ा



**छतरपुर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पुलिस कंट्रोल रूम में दुष्कर्म के मामले का खुलासा किया है। एसपी ने बताया कि दिनांक 28 अप्रैल 2024 को महिला थाना छतरपुर में एक युवती के द्वारा मारपीट एवं दुष्कर्म संबंधी रिपोर्ट पर थाने में शीघ्र ही जीरो में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पीड़िता द्वारा गुलगंज बस स्टैंड से छतरपुर जाने हेतु एक मोटरसाइकिल चालक से लिफ्ट मांगी गई थी। घटना स्थल थाना गुलगंज क्षेत्र अंतर्गत एक ढाबे के पास 200 मीटर दूर मामोन तरफ रास्ते में मोड़कर आरोपी युवती को मोटर साइकिल में बैठाकर रास्ते में सुनसान जगह युवती को जबरदस्ती झाडि़यों तरफ ले गया एवं मारपीट कर उसके साथ दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी गुलगंज गुरु दत्त शेषा एवं पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के आरोपी केश कुमार राजपूत निवासी ग्राम भरतपुरा थाना बिजावर को उसी के गांव से गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया, दुष्कर्म की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स जप्त की गई। दुष्कर्म की घटना के अभियुक्त को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है।

## अधिवक्ता लॉयन सुशील शिवहरे बने लायंस क्लब अध्यक्ष



**छतरपुर।** शहर के एक निजी होटल में लायंस क्लब छतरपुर के बोर्ड ऑफ डारेक्टर की मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें वर्तमान अध्यक्ष लॉयन सचिन अग्रवाल ने आगामी सत्र वर्ष 2024 - 2025 के अध्यक्ष के लिए अधिवक्ता लायन सुशील शिवहरे का नाम प्रस्तावित किया। लॉयन एमजेएफ भागवत शरण अग्रवाल, लॉयन लायन संजीव आर नगरिया, लॉयन कृष्णा रावत, लॉयन संतोष गुप्ता, लॉयन महेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ लॉयन सदस्य लॉयन श्रीमती लक्ष्मी बुंदेला, लॉयन एमजेएफ श्रीमती आभा श्रीवास्तव, लॉयन सुनील अग्रवाल, लॉयन नर्मदा प्रसाद तिवारी, ने अपनी अपनी सहमति दीं और सर्वसम्मति से लॉयन अधिवक्ता सुशील शिवहरे को अध्यक्ष घोषित किया गया।

## कांग्रेस आईटी सेल के जिला संयोजक से दिल्ली पुलिस ने की पूछताछ



**छतरपुर।** देश के गृहमंत्री अमित शाह के आरक्षण वाले वीडियो से छेड़छाड़ कर उसे वायरल करने के मामले में दिल्ली स्पेशल सेल पुलिस ने मंगलवार को छतरपुर पहुंचकर कांग्रेस के आईटी सेल संयोजक से पूछताछ की है।दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने छतरपुर पहुंचकर सिविल लाइन थाने में कांग्रेस आईटी सेल के जिला संयोजक उमाशंकर लदेरिया से पूछताछ की है। चूंकि गृहमंत्री अमित शाह के इस वीडियो को एडिट करके वायरल किया गया है। कांग्रेस के आईटी सेल के जिला संयोजक उमाशंकर लदेरिया ने भी इस वीडियो को अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया था। कांग्रेस के आईटी सेल जिला संयोजक की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र वर्मा सहित अन्य कांग्रेसी नेता सिविल लाइन थाने पहुंचे और सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया। हालांकि पुलिस ने पूछताछ के बाद जिला संयोजक उमाशंकर लदेरिया पर आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। चूंकि मामला देश के गृहमंत्री से जुड़ा है इसलिए नोटिस देकर 6 दिन बाद युवक को दिल्ली बुलाया गया जहां वह अपना पक्ष रखेगा।

## मुख्यमंत्री के आदेश का खुला उल्लंघन, खुले में बिक रहा मीट

**कोतमा।** नगर पालिका अंतर्गत मुख्यमंत्री के प्रथम आदेश की खुले में मीट एवं अंडे की दुकान नही लगेगी जिसका नगर में खुलेआम उल्लंघन देखने को मिल रहा है। पालिका अंतर्गत जगह-जगह खुले में मांस और अंडे का विक्रय तेजी से किया जा रहा है। वॉर्ड 07 में मांस, मछली और अंडे का विक्रय खुले में किया जा रहा है। सार्वजनिक आम रोड किनारे सुबह से देर रात तक मांस और अंडे का विक्रय किया जा रहा है, लेकिन नगर पालिका के कर्मचारियों की निगाह उक्त खुले में बिक रहे मांस मछली पर नहीं पड़ती है। मुख्यमंत्री के आदेश का खुला उल्लंघन होने के साथ प्रतिदिन आने जाने वालों को दुर्गंध एवं लज्जित होना पड़ता है। मांस अंडे के विक्रय के कारण सार्वजनिक स्थान पर आना-जाना मुश्किल हो गया है। नगर पालिका द्वारा संरक्षित अवैध मीट बाजार में ग्रीन पर्दा लगाकर खुले में मांस बिक्री को परमिशन दे दी है। वार्ड 7 और वार्ड क्रमांक 03 के मध्य मुख्य मार्ग पर लगने वाली मीट की दुकानों से आम जनमानस बेहद त्रस्त हो चुका है, आम नागरिकों का आक्रोश सोशल मीडिया और गली चौराहे पर देखने को मिल रहा है। कई बार नागरिकों द्वारा शिकायत भी की गई लेकिन नपा द्वारा ओपचारिकता पूरी की जाती है। दुकानदारों द्वारा मछली, मुर्गा एवं बकरा को क्रूरता पूर्वक काटकर बेचा जाता है। जिससे निकालने वाली गंदगी को वहीं सड़कों में छोड़ दिया जाता है, जो दिनभर दुर्गंध का कारण बनता है। कोतमा नगर के विभिन्न वार्डो जिनमे फिल्टर टोला, कलमुडी, बनिया टोला, बंजारी चौक, काली मन्दिर के पास सहित अन्य जगहों में अवैध दुकानें खुल गई है। जिनका कोई पंजीयन भी नही है।

**भाजपा पिछड़ा मोर्चा का जिला महामंत्री महादेव सट्टे एप का निकला वसूली भाई**

## सट्टे का जबरन 3 लाख 50 हजार और वसूली के नाम पर लूटी कार

#### कोतमा थाने में हुई शिकायत

**अनूपपुर।**

कोतमा अनुभाग में महादेव सट्टा एप मामले में भााजपा पिछड़ा मोर्चा का जिला महामंत्री संजीव जायसवाल पर धोखे से बदरा निवासी अभिलाष पांडेय को महादेव एप का सदस्य बनाते हुए उसके आईडी से सट्टा खेलकर अभिलाष पांडेय ऊपर 3 लाख 50 हजार रूपए का कर्जा डालते हुए डरा धमका कर 1 लाख 50 हजार रूपए नगद लिए जाने तथा कार क्रमांक एमपी 65 सी 5321 को लूट कर ले जाने की लिखित शिकायत कैलाश पांडेय पिता स्व. आत्माराम पांडेय निवासी बदरा द्वारा कोतमा थाना में दर्ज करवाई गई है। इतना ही नही कार लूट लिए जाने के बाद घर वालो के डर से अभिलाष ने घर ही छोडकर भाग गया, जिसके बाद उसकी तलाश करते हुए उसे बिजुरी से पकड़ कर घर लाया गया।

मामले की जानकारी के अनुसार कैलाश प्रसाद पांडेय निवासी बदरा ने कोतमा थाना में शिकायत दर्ज करावई की 16 अप्रैल को मेरा पुत्र अभिलाष पांडेय मेरी स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 65 सी 5321 को लेकर अपने एक्सरे सेंटर स्लामगंज गया हुआ था, जिसके बाद उसका कोई पता नही चला, जिसकी पता तलाश करने पर मेरा बड़ा पुत्र शैलेन्द्र पांडेय उसे बिजुरी से ढूंढ कर घर लाया। जहां पूछताछ करने पर उसने बताया कि मेरी पहचान संजीव जायसवाल पिता पी.डी. जायसवाल जो कोतमा कोर्ट में वकालत करता है ने मुझे धोखे में रखकर महादेव सट्टा एप का सदस्य बनाकर मेरे नाम की आईडी से सट्टा खेलकर मेरे ऊपर 3 लाख 50 हजार का कर्जा चढ़ाते हुए उक्त पैसों की मांग करता था और उक्त एप की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता था। अभिलाष पांडेय ने बताया कि 16 अप्रैल को मै अपने पिता कैलाश प्रसाद पांडेय की कार लेकर बदरा से कोतमा इस्लागंज एक्सरे पर गया था, जहां संजीव जायसवाल ने मुझे तहसील बुलाया और सट्टा का पैसा देने का दवाब बनाने लगा, जिस पर 1 लाख 50 हजार रूपए नगद दे दिए जाने तथा 2 लाख रूपए बाद में दिए जाने के लिए बोलने पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा का जिला महामंत्री संजीव जायसवाल ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए संजीव जायसवाल ने कार की चाभी लूट लिया और पूरे पैसे देने की बात कहकर कार देने की बात कही गई। जहां कार लूट लेने के बाद अभिलाष पांडेय ने घर वालो के डर के कारण घर ही छोड़ कर भाग गया था। पूरे मामले की जानकारी लगते ही अभिलाष के पिता कैलाश पांडेय द्वारा अपने पुत्र अभिलाष से जबरन महादेव सट्टा एप के सट्टे का 3 लाख 50 हजार रूपए मांग करते हुए कार जबरन लूटकर ले जाने तथा अपशब्दो का प्रयोग करते हुए जाने से मारने की धमकी दी गई।

#### इनका कहना है

महादेव सट्टे का 3 लाख 50 हजार रूपए जबरन मांगने तथा कार लूट कर ले जाने की शिकायत प्राप्त हुई है, मामले की जांच की जा रही है।

**सुन्द्रेश मरावी**

